आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

.....

दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश राजीव शकधर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव की जगह लेंगे। न्यायाधीश राजीव शकधर को 11 अप्रैल 2008 को दिल्ली हाईकोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया गया था।

.....

प्रदेश सरकार ने राज्य के ग्रामीण इलाकों के लिए पानी की नई दरें तय कर दी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हर महीने प्रति कुनैक्शन 100 रुपये बिल देना होगा। शहरी क्षेत्र में 0 से 20 किलो लीटर खपत पर 19 रुपए 30 पैसे के हिसाब से बिल देना होगा। जबकि 20 से 30 किलो लीटर पर 33 रुपये 28 पैसे प्रति किलो लीटर की दर से पानी का बिल आएगा। 30 किलो लीटर से ज्यादा इस्तेमाल पर 59 रुपये 90 पैसे प्रति किलो लीटर की दर से बिल आएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू और सरकारी पानी के कुनैक्शन के लिए 200 रुपये तय किए गए हैं। व्यावसायिक कुनैक्शन के लिए 500 रुपये देने होंगे। गैर घरेलू और गैर व्यावसायिक कुनैक्शन के लिए 2 हजार 500 रुपये देने होंगे।

.....

केंद्र की मोदी सरकार ने अपने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान सरकार ने मध्यम वर्ग, संरचनाओं, किसानों, महिलाओं और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए 15 लाख करोड रुपये की परियोजनाएं शुरू की। केंद्रीय सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए सरकार के पहले 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रूपये आवंटित किये हैं। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा से राष्ट्र का बहुत सारा धन बचेगा। सरकार ने सौ दिन की पहल के अंतर्गत गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस–जी.ई.एम ने अपने प्लेटफार्म पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लेन–देन शुल्क में कटौती की है।

.....

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 का एक वर्ष के लिए संयोजक बनाया है। वे सितंबर 2024 से अगस्त 2025 तक इस संघ के संयोजक रहेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया हिमाचल के अलावा हरियाणा, दिल्ली, जम्मू–कश्मीर और पंजाब के संयोजक होंगे। कुलदीप सिंह पठानिया 23 व 24 सितम्बर को नई दिल्ली में 10वें राष्ट्रमडल संसदीय संघ सम्मेलन में भाग लेंगे।

.....

किन्नौर जिला में युवक मंडल किल्बा द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किल्बा में सफाई अभियान चलाया गया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिला युवा अधिकारी विजय कुमार ने बताया 2 अक्तूबर, तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता की महत्ता बारे अवगत करवाया जा रहा है।युवक मंडल किल्बा द्वारा विकसित भारत के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किल्बा में उपचाराधीन मरीजों को फल भी वितरित किए गए। इस दौरान उपस्थित लोगों को को नशे से दूर रहने और इसके दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी गई।

.....

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से ....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है— हिमाचल में एक अक्तूबर से ग्रामीण क्षेत्रों में भी देना होगा पानी का बिल—सरकार ने घोषित की पानी की नई दरें, प्रतिमाह एक कुनैक्शन के लिए जाएंगे 100 रूपये। दैनिक जागरण की सुर्खी है— हिमाचल में अब निःशुल्क नहीं मिलेगा पानी। दैनिक भास्कर के शब्द हैं—गांवों में प्रति कुनैक्शन 100 रुपये। शहरों में 20 किलोलीटर तक पानी के इस्तेमाल पर 19 रूपये 30 पैसे लीटर रेट तय।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है—सी.एम सुक्खू की तबीयत बिगड़ी, जम्मू दौरा रद्द— पेट में संक्रमण के चलते डॉक्टरों ने दी आराम की सलाह। पंजाब केसरी के अनुसार—मुख्यमंत्री के पेट में हुआ इन्फैक्शन, जम्मू दौरा रद्द।

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है—शोध और नवाचारों के माध्यम से करेंगे शैक्षिक परिवर्तन। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है—समग्र शिक्षा के अधीन होंगे डाईट केंद्र और एस.सी.ई.आर.टी.। अखबार की एक अन्य खबर है—जस्टिस राजीव शकधर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश।

पंजाब केसरी की एक सुर्खी है— हिमाचल में अब नए व पुराने वाहन का पंजीकरण करवाना होगा मंहगा।

10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में भाग लेंगे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया शीर्षक से दैनिक सवेरा टाईम्स लिखता है— 23 व 24 सितंबर को दिल्ली में होगा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन।

आपका फैसला लिखता है—शिक्षकों—छात्रों की ऑनलाइन हाजिरी सख्ती से सुनिश्चित करने के निर्देश। अखबार की एक अन्य खबर है—बिजली का शुल्क बढ़ने से हिमाचल में होटल व रिजॉर्ट संचालन महंगा।